# कार्यालय प्राचार्य

## नायक नित्यानंद साय शासकीय महाविद्यालय आरा , जिला जशपुर (छ.ग)

जावक क्र. दिनाँक 11/05/2021

प्रतिवेदन

दिनाँक 11/05/2021/ दिन मंगलवार समय दोपहर 12 :00 बजे शासन के आदेसानुसार" Covid 19 कोरोना वायरस से रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में एक दिवसीय वेबिनार "कोरोना से सुरक्षा एवं बचाव" का आयोजन गूगल मीट लिंक के माध्यम से सम्पन्न कराया गया|

इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. तेजवती सिंह , प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आरा जिला जशपुर, कार्यक्रम संरक्षक प्राचार्या महोदया श्रीमती वंदना पाठक , कार्यक्रम प्रभारी श्री गोपाल कृष्ण यादव सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग , आई क्यू ए सी प्रभारी श्री आशीष कुमार राजपाल सहायक प्राध्यापक प्राणी शास्त्र थे|

इस कार्यक्रम के अंतर्गत covid 19 वायरस से सुरक्षा एवं रोकथाम के लिए मुख्य वक्ता डॉ. तेजवती सिंह के द्वारा पीपीटी के माध्यम से कोरोना के लक्षण , कोरोना से प्रभावित होने के कारण , कोरोना से प्रभावित होने पर होम आईसोलेशन , होम आइसोलेसन् के दौरान सावधानी एवं डॉक्टर के सलाह पर ही दवा को उपयोग किया जाना बताया गया हैं मास्क का सही तरीके से प्रयोग करने की सलाह दी गई , हमारे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को किस प्रकार से बढ़ाया जा सकता हैं इसके लिए हल्दी , लहसुन , गिलोय , तथा भाप लेने के प्रयोग के बारे में बताया गया |

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों द्वारा कोरोना वायरस से जुड़े कुछ प्रश्न मुख्य वक्ता डॉ. तेजवती सिंह जी से किया गया जिसमे Msc 4 सेम. छात्रा कुमारी शालिनी ने होम आइसोलेशन के दौरान कौन कौन सी बातों की सावधानी रखनी चाहिए , ऑक्सिमीटर तथा थर्मामीटर का प्रयोग करने की सलाह दी गई | वैक्सीन से सम्बंधित भ्रांतियों को दूर करने की सलाह प्रदान की गई , Msc 3 सेम के छात्र जगत कुमार चक्रेश द्वारा गिलोय का कैसे उपयोग करे इस पर गिलोय के उपयोग करने की विधि को बताया गया सभी छात्राओं के प्रश्न का संतोसजनक उत्तर मुख्य वक्ता द्वारा प्रदान किया गया |

कार्यक्रम के समापन में महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा आभार व्यक्त किया गया हैं जिसके अन्तरगत मुख्य वक्ता डॉ. तेजवती सिंह को उनके बहमूल्य समय प्रदान करने पर महाविद्यालय परिवार की ओर से बहुत बहुत सधन्यवाद दिया गया एवं भविष्य में भी इसी प्रकार से सहयोग की आशा के साथ यह कार्यक्रम का समपन्न किया गया |

इस कार्यक्रम को सभी शिक्षक, महाविद्यालयीन स्टाफ़ , एवं छात्राओं के सहयोग से कार्क्रम को सफल बनाया गया |